संख्या– 366/एसीएस/एएचडीएफ/2022

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
दुग्ध विकास, मत्स्य, पशुधन एवं समन्वय विभाग,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उ0 प्र0।

2. दुग्ध आयुक्त,
उ0 प्र0।

3. प्रबन्ध निदेशक,
पी0सी0डी0एफ0, उ0 प्र0।

4. निदेशक,
मत्स्य विभाग, उ0 प्र0।

लखनऊ दिनांक 02 अगस्त, 2022

महोदय,

आप अवगत है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य विभिन्न कार्यक्रम नियत हैं। कृपया अपने अधीनस्थ कार्यालयों में इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करायें, जिसमें 13 से 15 अगस्त के मध्य ध्वजारोहण भी सम्मिलित है। कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम के महापुरूषों को याद करने, गौ–संरक्षण, पर्यावरण, राष्ट्र भक्ति आदि संकल्पों को लें। जन–भागीदारी को सुनिश्चित करने एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करना सम्मिलित है।

2. पर्यटन विभाग के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की उपलब्धियों को प्रेषित करने एवं सूचना प्रेषण हेतु एक ई–मेल आई.डी. akamup75@gmail.com बनायी गयी है। कृपया 02 दिन के भीतर विभाग की गतवर्ष की उपलब्धियों पर संक्षिप्त राइट–अप तथा डाटा के साथ कुछ फोटोग्राफ भी अपलोड किये जाएं। इसी के साथ आगामी 01 वर्ष में प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की संख्या के संबंध में भी कार्ययोजना संक्षेप में अंकित की जाए।

3. कुछ उदाहरणार्थ योजनायें निम्नवत् हो सकती हैः–

1. गौ–संरक्षण स्थल की स्थापना।
2. रिवर रैचिंग कार्यक्रम का प्रारम्भ।
3. मोबाइल वैटनरी यूनिट का भविष्य में लांच किया जाना।
4. अयोध्या डेयरी प्लांट का निर्माण।
5. पराग ई–पोर्टल का प्रारम्भ।
6. पीएमएसवाई के अन्तर्गत लाभान्वित कृषक एवं बायोफ्लाक जैसी नयी टैक्नोलॉजी की परियोजनाएं।
7. निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना।

कृपया संबंधित विभाग के विशेष सचिव से समन्वय करते हुए उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव।

प्रतिलिपि–

1. श्री देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव, पशुधन, उ0 प्र0 शासन।
2. श्री सरोज कुमार, विशेष सचिव, मत्स्य, उ0 प्र0 शासन।
3. श्री राम सहाय यादव, विशेष सचिव, दुग्ध विकास, उ0 प्र0 शासन।

(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव